दैनिक भास्कर रविवार - 24/1/06
= छत्तीसगढ़ तरीफ =

स्कूली बच्चों ने पेश किया शबद कीर्तन

स्कूली बच्चों ने आज रविवार को स्थानीय गुरुद्वारे में शबद कीर्तन (गुरुवाणी) गाकर सिख समुदाय को भाव विभोर कर दिया। इस आयोजन में अलग-अलग जिलों से विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए।

भास्कर न्यूज. दुर्ग

श्री गुरुसिंह सभा ने आज स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे में शबद कीर्तन प्रतियोगिता आयोजित की। यह आयोजन गुरु गोविंद सिंह के लाल (सुपुत्रों) के शहीदी पर किया गया। यह प्रतियोगिता पिछले तीन साल से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में खास बात यह रही कि इस बार हिंदी भाषी स्कूलों के बच्चे भी शामिल होकर बड़े ही सुंदर ढंग से सुरीली आवाज में गुरुवाणी का कीर्तन किया।

प्रतियोगिता शुरू होने के पूर्व सिख समाज के लोगों ने अखंड पाठ किया। शंकराचार्य हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शबद कीर्तन 'प्रभु जु तोकह लाज हमारी, जानी.. जानी रे राजा राम की कहानी' संगीत के साथ पेश किया। गुरुनानक स्कूल सेक्टर-6 के बच्चों ने 'चरण शरण गुर एक पैंदा जाय चल, सतगुरु कोट पैंदा आके होय लेत है' शबद कीर्तन किया।

प्रतियोगिता में सनशाइन स्कूल दुर्ग, खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग, खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़, खालसा हायर सेकंडरी स्कूल डोंगरगढ़, गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल भिलाई, विश्वदीप स्कूल दुर्ग, खालसा हायर सेकंडरी स्कूल बिलासपुर, श्री शंकराचार्य स्कूल हुडको, खालसा हायर सेकंडरी स्कूल रायपुर, माता सुंदरी स्कूल रायपुर, देहली पब्लिक स्कूल भिलाई शामिल हुए। निर्णायक अश्वनी वर्मा, अवतार सिंह थे। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के प्रधान सर्वजीत सिंह दुलई, सचिव हरमीत सिंह भाटिया, गुलबीर भाटिया, सुरेंदर पाल सिंह दुलई, इकबाल सिंह, सेवा सिंह ओबेराय, जगीर सिंह, राजेंद्र पाल सिंह, अंतर सिंह सुरी, डीएस चावला, मुख्यग्रंथी ज्ञानी गहेल सिंह मौजूद थे।

आठ दिन में सीखा कीर्तन

कभी शबद कीर्तन नहीं गाने वाली सनशाइन स्कूल दुर्ग की छात्राओं ने टेप में कीर्तन सुनकर गाना सीखा। छात्रा अमरदीप कौर, नवनीत कौर भाटिया, तंनवीर कौर, ऋषिका चड्डा, मनप्रीत कौर, कंवलजीत सिंह, मनमीत सिंह, सुखजीत सिंह, अवतार सिंह, जसराज सिंह ने शिक्षिका रंजीता कौर के मार्गदर्शन में आठ दिन की लगातार अभ्यास के बाद कीर्तन गाना सीखा। छात्राओं ने चर्चा में बताया कि पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। उन्होंने शबद कीर्तन 'तुरकी वाणी आई जिन सगली चिंत मिटाई' का गान किया। तबले पर इंदर पाल सिंह ने संगत की।

स्पर्धा के परिणाम

जूनियर ग्रुप में प्रथम माता सुंदरी स्कूल रायपुर, द्वितीय गुरुनानक स्कूल सेक्टर-6 भिलाई, तृतीय शंकराचार्य स्कूल हुडको रहे। सीनियर ग्रुप में प्रथम गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल भिलाई, द्वितीय विश्वदीप स्कूल दुर्ग व तृतीय स्थान खालसा स्कूल दुर्ग को मिला। गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों ने स्कूल के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत पुरस्कार दिया। निर्णायक अश्वनी वर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

श्री गुरु सिंघ सभा ने स्टेशन रोड गुरुद्वारे में शनिवार को राज्य स्तरीय शबद कीर्तन स्पर्धा आयोजित की। प्रस्तुति देती डोंगरगढ़ उच्चतर माध्यमिक स्कूल की छात्राएं। —भास्कर